# हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 4 जून 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 28. 0 डिग्री

प्रतिबंधित पालीथीन पाए जाने पर आधा दर्जन से अधिक संस्थानों पर कार्रवाई

4



## खबर संक्षेप

### विश्व पर्यावरण दिवस कल ग्राम सभाओं का होगा आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया जाएगा। स्वच्छ गाँव, सुरक्षित जलवायु अभियान के तहत आयोजित यह कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जल सुरक्षा को जनभागीदारी के माध्यम से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल रावटे ने बताया कि जिले में कलेक्टर जन्मेजय महोबे की निर्देशन में जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं में ठोस एवं प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, कचरे का स्रोत स्तर पर पृथक्कीकरण, जैविक कचरे से खाद निर्माण, सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग में कमी, जल संरक्षण तथा स्थानीय जल स्रोतों की सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। ग्रामीणों को पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने और स्वच्छता को जनआंदोलन बनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### बीज उत्पादन कार्यक्रम : फसल पंजीयन 10 से 24 तक

**जांजगीर-चांपा।** खरीफ वर्ष में कृषकों के प्रक्षेत्र पर उत्पादन कार्यक्रम के तहत फसल पंजीयन किया जाना है। बीज उत्पादन कार्यक्रम का आयोजन 10 जून से 24 जून तक जांजगीर-चांपा एवं सक्ती जिले के सभी विकास खंडों में आयोजित की जाएगी। बीज उत्पादन कार्यक्रम अंतर्गत पंजीयन कार्य विकासखंड बम्हनीडीह में 10 जून को, अकलतरा विकासखंड में 11 जून को, पामगढ़ विकासखंड में 12 जून को, बलौदा विकासखंड में 15 व 16 जून को, नवागढ़ विकासखंड में 17 व 18 जून को प्रातः 10 बजे से सायं 05.30 बजे तक बीज उत्पादन कार्यक्रम आयोजन कर पंजीयन कार्य किया जाएगा। सक्ती जिले अंतर्गत विकासखंड सक्ती में 19 जून को, डभरा ब्लाक में 22 जून को जैजैपुर ब्लाक में 23 जून को एवं मालखरौदा में 24 जून को प्रातः 10 बजे से सायं 5.30 बजे तक बीज उत्पादन कार्य किया जाएगा।

### शासकीय आईटीआई प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ, 15 तक आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य के शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2026-27 एवं 2026-28 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। एनसीव्हीटी एवं एससीव्हीटी के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी 15 जून की रात्रि 11.59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जांजगीर ने बताया कि अभ्यर्थी अपने स्तर से अथवा छत्तीसगढ़ ऑनलाइन के अधिकृत सहायता केंद्रों एवं लोक सेवा केंद्र (च्वाइस सेंटर) के माध्यम से पर उपलब्ध ऑनलाइन एप्लिकेशन 2026 लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश संबंधी विस्तृत जानकारी एवं प्रशिक्षण विवरणिका विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि आवेदकों द्वारा च्वाइस लॉक करने के पूर्व आवेदन हेतु रजिस्ट्रेशन, रजिस्ट्रेशन में त्रुटि सुधार, इच्छित संस्थाओं तथा व्यवसायों की प्राथमिकता क्रम का चयन करना, इच्छित संस्थाओं में प्राथमिकता के क्रम में त्रुटि सुधार की सुविधा होगी।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद भर्ती के लिए दावा-आपत्ति आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर के जपं नवागढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खोखरा के आंगनबाड़ी केन्द्र 6 मे सहायिका पद भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना जांजगीर नवागढ़ 2 ने बताया कि प्राप्त आवेदनों के आधार पर भर्ती हेतु प्रथम मूल्यांकन पत्रक जारी किया जा रहा है।

# तमिलनाडु के तिरूवल्लूर में बंधक बने जिले के 41 मजदूर और उनके परिवार की रिहाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

## मुक्ति प्रमाण पत्र देकर ट्रेन से घर के लिए किया गया रवाना



जिले के मजदूरों को तमिलनाडु में बंधक बनाने का मामला सामने आया है। मजदूरों ने अपने परिवार के साथ रोजी रोटी के लिए पलायन किया था। वहां 41 श्रमिकों सहित बच्चों एवं महिलाओं को मिलाकर 50 लोगों को बंधक बनाया गया। मामले की शिकायत होने पर श्रमिकों का रेस्क्यू कराया गया। सभी को बंधन मुक्त कराकर बुधवार को घर वापसी के लिए ट्रेन से रवाना कर दिया गया है।

जांजगीर-चांपा जिले के बलौदा और अकलतरा क्षेत्र के श्रमिकों को तमिलनाडु राज्य के तिरुवल्लूर जिले अंतर्गत देवांद्वकाम ग्राम में कार्य कराने के लिए ले जाया गया था। रोजी रोटी की तलाश में मजदूर अपने परिवार के साथ गए, लेकिन उन्हें उचित मजदूरी नहीं दी जा रही थी और बंधक बनाकर कई घंटे तक कार्य कराया जा रहा था। एक मजदूर किसी तरह वहां से निकला और स्थानीय प्रशासन से मामले की शिकायत करते हुए आपबीती सुनाई। मामले की शिकायत प्राप्त होने पर तिरुवल्लूर जिला प्रशासन हरकत में आया। इधर जांजगीर चाम्पा कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने मामले में तत्काल संज्ञान लिया। जांजगीर-चांपा जिला प्रशासन ने तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिला प्रशासन एवं स्थानीय अधिकारियों से तत्काल संपर्क स्थापित कर श्रमिकों की स्थिति की जानकारी ली तथा आवश्यक समन्वय किया। इसके बाद तिरुवल्लूर जिला प्रशासनद्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए श्रमिकों का रेस्क्यू कराया गया।इनमें 41 श्रमिकों के साथ ही महिलाओं और बच्चों को मिलाकर कुल 50 सदस्य शामिल हैं। तिरुवल्लूर प्रशासन द्वारा श्रमिकों को भोजन, यात्रा टिकट एवं अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई गई है तथा उन्हें अवमुक्ति प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए हैं। सभी को बंधन मुक्त कराकर ट्रेन से घर के लिए रवाना कर दिया गया है।

### कलेक्टर ने मजदूरों से की फोन पर चर्चा

कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने स्वयं श्रमिकों से दूरभाष पर चर्चा कर उनका हालचाल जाना तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल जिला प्रशासन को अवगत कराने कहा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा श्रमिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है। श्रम पदाधिकारी समीर मिश्रा ने बताया कि प्रशासन लगातार श्रमिकों एवं वहां के अधिकारियों के संपर्क में है। श्रमिकों के गृह ग्राम पहुंचने तक समुचित समन्वय बनाए रखा जाएगा। इसके साथ ही श्रमिकों को आवश्यक आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है।

### मालखरौदा थाना क्षेत्र के सेंदुरस गांव की घटना

# सक्ती जिले में डबल मर्डर, घर में सो रहे पति-पत्नी की ले ली जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

सक्ती जिले के सेंदुरस गांव में घर में सो रहे पति पत्नी के सिर पर संघातिक वार करके निर्मम हत्या कर दी गई। दोनों की रक्त रंजित लाश कमरे में पड़ी मिली। घटना का कारण ज्ञात नहीं हो पाया है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच पडताल कर रही है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मालखरौदा थाना क्षेत्र के ग्राम सेंदुरस निवासी पुरूषोत्तम खूंटे उम्र 65 वर्ष और उसकी पत्नी गुहरिन बाई खूंटे उम्र 60 वर्ष की रक्त रंजित लाश बुधवार 3 जून की सुबह घर के कमरे में मिली। बुजुर्ग दंपति 2 जून की रात अपने घर में सोए हुए थे। इस दौरान अज्ञात अज्ञात आरोपियों के द्वारा सो रहे बुजुर्ग दंपति के सर पर संघातिक वार कर उनकी हत्या कर दी गई। बुधवार 3 जून की सुबह जब एक महिला उनके घर काम से पहुंची तो लाश को देखकर महिला के होश उड़ गए और उन्होंने इस घटना की सूचना ग्रामीण एवं सरपंच को दी। इसके बाद सरपंच एवं ग्रामीणों ने मामले की सूचना मालखरौदा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची एवं घटना को लेकर आसपास के लोगों से पूछताछ की गई। बताया जा रहा है दंपति के सर पर किसी भारी वस्तु से मारकर हत्या कर दी गई। घटना को लेकर डॉग स्क्वायड टीम की मदद भी ली जा रही है। बुजुर्ग दंपति की हत्या को लेकर तरह-तरह के कयास भी लगाई जा रहे हैं।



घटना की जांच करने पहुंची पुलिस टीम तथा इंसेट में मृतक दंपत्ति।

### पुलिस अधीक्षक एवं एडिशनल भी पहुंचे घटना स्थल

*मालखरौदा थाना क्षेत्र के ग्राम सेंदुरस में बुजुर्ग दंपति की हत्या मामले को लेकर जानकारी मिलने पर सक्ती जिले के पुलिस कप्तान प्रफुल्ल ठाकुर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भी गांव पहुंचे। इस बीच मामले को लेकर लोगों से पूछताछ भी की गई। इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों से पूछताछ के साथ डॉग स्क्वायड टीम की मदद ली जा रही है। इस घटना से जुडे विभिन्न पहलुओं पर बारीकी से जांच की जा रही है। पुलिस पूरे मामले को लेकर जानकारी ले रही है। वहीं घटना को लेकर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इधर बुजुर्ग दंपत्ति की निर्मम हत्या से गांव में दहशत का माहौल देखा जा रहा है।*

### की जा रही जांच

ग्राम पंचायत सेंदुरस में बुजुर्ग दंपति की सिर कुचलकर हत्या का मामला सामने आया है। घटना को लेकर जांच की जा रही है। वही डॉग स्क्वाड टीम की मदद भी ली जा रही है।

**-प्रफुल्ल ठाकुर,**
पुलिस अधीक्षक सक्ती

# नगर पंचायत बम्हनीडीह के 54 प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला आज

## अध्यक्ष के लिए 5 तो पार्षद के लिए 49 ने लड़ा चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के नवीन नगर पंचायत बम्हनीडीह में हुए पहले चुनाव के बाद सभी को मतगणना का बेसब्री से इंतजार है। गुरुवार 4 जून को तहसील कार्यालय के स्ट्रांग रूम में मतगणना होगी। इसके साथ ही नगर पंचायत के प्रथम अध्यक्ष की ताजपोशी हो जाएगी।

बम्हनीडीह को ग्राम पंचायत से उन्नयन कर 4 नवंबर 2024 को नगर पंचायत बनाया गया। नगर पंचायत का प्रथम आम निर्वाचन 1 जून को हुआ। चुनाव में मतदाताओं में मतदान कर दिया है। अब सभी को मतगणना का बेसब्री से इंतजार है, ताकि नगर पंचायत के प्रथम निर्वाचित अध्यक्ष की ताजपोशी हो सके। नगर पंचायत के अध्यक्ष और 15 पार्षद का चुनाव करने 92 फीसदी मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया है। मतदान के बाद 54 प्रत्याशियों की किस्मत किस्मत में कैद हो गई है। अध्यक्ष की कुर्सी के लिए कांग्रेस के राम लाल सहारे और भाजपा के रमेश डडसेना समेत 5 प्रत्याशी मैदान में थे। वहीं 15 वार्ड के पार्षद के लिए 49 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा है। चुनाव सम्पन्न होने के बाद तहसील कार्यालय के स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा के बीच ईवीएम रखा गया है। अब 4 जून को मतगणना होगी, जिसके साथ प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला हो जाएगा। बम्हनीडीह का चुनाव महज एक नगर पंचायत का चुनाव नहीं बल्कि प्रतिष्ठा का चुनाव माना जा रहा है। सत्ताधारी दल भाजपा के लिए इसे सरकार के काम के रिजल्ट के रुप में देखा जा रहा है। दूसरी ओर क्षेत्र में सभी विधायक कांग्रेस के होने के कारण उनकी प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी है। जनता अब किस पर भरोसा जताती है, यह मतगणना के बाद स्पष्ट हो जाएगा।



मतगणना स्थल पर सुरक्षा के लिए तैनात पुलिस जवान।

### दिग्गज नेताओं ने बहाया है पसीना

बम्हनीडीह में हुए प्रथम चुनाव में अपनी पार्टी के प्रत्याशी की जीत के लिए कांग्रेस और भाजपा के नेताओ ने भीषण गर्मी में खूब पसीना बहाया है। नगर पंचायत के चुनाव में अमूमन स्थानीय नेता ही प्रचार करते हैं, लेकिन बम्हनीडीह में अपनी पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने दोनों ही पार्टी के दिग्गज नेताओ ने सभाएं ली और रोड शो भी किया। कांग्रेस की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत की सभा हुई है। भूपेश बघेल ने रोड शो भी किया। भाजपा से उप मुख्यमंत्री अरुण साव और मंत्री गुरु खुशवंत साहेब चुनावी सभा ली। इसके आलावा दोनों पार्टी के विधायक, सांसद, पूर्व विधायक, पूर्व सांसद के साथ ही अन्य बड़े नेताओ ने भी प्रचार में जमकर पसीना बहाया।

# वीडियो वायरल करने की धमकी देकर नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**नवागढ़।** फोटो व वीडियो को वायरल कर जान से मारने की धमकी देकर नाबालिक से दुष्कर्म करने के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मामला नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पथर्रा का है।

मिली जानकारी के अनुसार पथर्रा निवासी आनंद कुमार चौहान उम्र 19 वर्ष द्वारा पीड़िता के फोटो वीडियो को वायरल कर देने की धमकी देकर जबरन अनाचार किया तथा 19 मई की रात्रि में फरार आरोपी, अपने दोस्त आनंद चौहान के साथ पीड़िता के घर पहुंचा और उनको बुलाने लगा, जब पीड़िता बाहर आई मना की तो तो उसके साथ मुख्य फरार आरोपी मारपीट कर वहा से भाग गया। जिसकी सूचना रिपोर्ट पर थाना नवागढ़ में धारा 64(2),3(5) बीएनएस पास्को एक्ट कायम कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया।

# बगैर बिल के खाद बिक्री, 360 बोरी उर्वरक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बगैर बिल के खाद विक्रय एवं बिना रजिस्टर पास मशीन के खाद बिक्री मामले में 360 बोरी उर्वरक जब्त किया गया है। वहीं गोदाम को सील किया गया।

उप संचालक कृषि को मिली सूचना के आधार पर शिकायत की जांच हेतु विकासखण्ड अकलतरा के उर्वरक निरीक्षक दल को बुधवार 3 जून को मेसर्स ज्ञानेश्वर कृषि केन्द्र, ग्राम सोनडीह विकासखण्ड अकलतरा में औचक निरीक्षण करने हेतु भेजा गया। निरीक्षण के दौरान उक्त कृषि केन्द्र द्वारा बिना रजिस्टर एवं पॉस मशीन एवं बिना बिल के खाद विक्रय किया जाना पाया गया। इस पर तत्काल कारवाई करते हुए निरीक्षक दल के सदस्यों ए.के.जाटव प्रभारी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, उर्वरक निरीक्षक पी.आर. काटले एवं विकास मिश्रा, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के द्वारा मेसर्स ज्ञानेश्वर कृषि केन्द्र, ग्राम सोनडीह, विकासखण्ड अकलतरा के यहां उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 के तहत 360 बोरी जिंकेटेड सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक पर जब्ती की कारवाई करते हुये उर्वरक प्रतिष्ठान के गोदाम को सीलबंद किया गया। उप संचालक कृषि राकेश शर्मा का कहना है कि किसी भी प्रकार की अनियमितता पाये जाने पर आगे भी कठोर कारवाई की जावेगी।



# तांदुलडीह दोहरा हत्याकांड : मां व दो बहन समेत भाई को उम्र कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सक्ती जिले के बाराद्वार थाना अंतगत तांदुलडीह गांव में पूजा पाठ के फेर में दो भाईयों की हत्या के मामले में न्यायालय ने आरोपी मां व दो बहन के साथ एक और भाई को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।



अभियोजन से मिली जानकारी के अनुसार बीते 17 अक्टूबर 2024 को डायल 112 की टीम को तांदुलडीह में फिरीतबाई के घर में पूजा पाठ के दौरान दो सदस्यों के मूर्छित होने की सूचना मिली। इस पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। वहां घर रका दरवाजा बंद था, भीतर पूजा पाठ करने की आवाजें आ रही थी। बहुत देर तक दरवाजा नहीं खुला। काफी मशक्कत के बाद दरवाजा खुला तो भीतर अमरिका बाई कुर्सी पर बैठी हुई थी। जमीन में फिरीत बाई, विशाल और चंद्रिका बैठे हुए थे, जो गुरूजी का नाम जाप करके पूजा पाठ कर रहे थे। अंदर कमरे मे दो लड़के विक्रम और विक्की गोड़ बिस्तर पर मृत पड़े थे। पुलिस ने पंचनामा कर शव का पोस्टमार्टम कराया और मर्ग कायम कर जांच पड़ताल शुरू की। मामले में थाना बाराद्वार में अपराध पंजीबद्ध कर आरोपीगण को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया एवं विवेचना उपरांत आरोपीगण के विरुद्ध न्यायालय में चालान पेश किया गया, जहां विचारण के पश्चात प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश सक्ति प्रशांत कुमार शिवहरे के द्वारा परिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर दोष सिद्ध पाए जाने पर विक्रम और विक्की की हत्या के मामले में उसकी मां फिरीतबाई, दो बहनें चंद्रिका सिदार व अमरिका सिदार तथा भाई विशाल सिदार को हत्या के अपराध में सश्रम आजीवन कारावास एवं 1-1 हजार के अर्थदण्ड से दंडित किया। वहीं अर्थदण्ड नहीं पटाने पर 6-6 माह के अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा सुनाई। प्रकरण में अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक उदय वर्मा ने पैरवी की।

### खास बात

- बाराद्वार थाना क्षेत्र के ग्राम तांदुलडीह में हुई थी घटना

## स्पीड ब्रेकर निर्माण एवं संकेतक बोर्ड लगाने को लेकर हुई चर्चा

# दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों का संयुक्त टीम ने किया निरीक्षण, दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों का संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। इस बीच संकेतक बोर्ड लगाने के साथ साथ स्पीड ब्रेकर लगाने को लेकर चर्चा की गई।

ज्ञात हो कि बुधवार 3 जून को अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार के नेतृत्व में एसडीएम चांपा पवन कोसमा, एसडीएम पामगढ़, जिला परिवहन अधिकारी विवेक सिंह, एनएच 49 के सब इंजीनियर, पीडब्ल्यूडी शिवरीनारायण क्षेत्र के सब इंजीनियर डी सी दिनकर के साथ मिलकर किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना चांपा क्षेत्र के एनएच मार्ग के हथनेवरा चौक, जांजगीर क्षेत्र के ग्राम तिलाई, अकलतरा क्षेत्र के अमरताल रोड, तथा थाना पामगढ़ क्षेत्र के दुपट्टामोड़ का दौरा किया गया, जहां पूर्व में सड़क दुर्घटनाएं चुकी हैं और ऐसे स्थान जो ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित है। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर सड़क की स्थिति, यातायात व्यवस्था, संकेतकों की उपलब्धता, मोड़ एवं ब्लैक स्पॉट की स्थिति का बारिकी से अवलोकन किया। निरीक्षण दौरान पाया गया कि तेज गति एवं यातायात नियमों का उल्लंघन, अपर्याप्त संकेतक, अपर्याप्त रोड मार्किंग, सड़क किनारे अतिक्रमण, खराब रोड सोल्डर, दृश्यता बाधित करने वाले मोड़ एवं कुछ स्थानों पर खराब सड़क संरचना को दुर्घटनाओं के मुख्य कारणों के रूप में चिन्हित किया गया। संबंधित विभागों को आवश्यक सुधारात्मक उपाय जैसे चेतावनी संकेतक लगाने, स्पीड ब्रेकर निर्माण, सड़क मरम्मत, अतिक्रमण हटाने एवं यातायात नियंत्रण व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए जाने की बात कही गई। साथ ही उपरोक्त बिंदुओं पर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों को पत्राचार किया जाएगा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सजग है और दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए निरंतर अभियान चलाया जाएगा।



दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों का निरीक्षण करने पहुंचे संयुक्त टीम।

## खबर संक्षेप



### प्रेरणा महिला समिति ने महिलाओं को पानी बाटल एवं फूड पैकेट का किया वितरण

**कोरबा।** श्रद्धा महिला मंडल, एसईसीएल बिलासपुर की अध्यक्षा श्रीमती शशि दुहन भाभी एवं सभी उपाध्यक्षाओं द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों से प्रेरित होकर केन्द्रीय उत्खनन कर्मशाला, गेवरा की प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती निशा शर्मा के मार्गदर्शन में एक सामाजिक एवं कल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर दुरैना धनवारपारा की आर्थिक रूप से कमजोर 40 महिलाओं को पानी बाटल एवं फूड पैकेट वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद महिलाओं को सहायता प्रदान करना। यह कार्यक्रम प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती निशा शर्मा के मार्गदर्शन तथा उनकी सहयोगी सदस्याओं श्रीमती प्रियंका खरे, श्रीमती रश्मि टंडन एवं श्रीमती इतिश्री बड़ई के विशेष सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### अंतरराष्ट्रीय प्रस्तुति के लिए अर्शिका का हुआ चयन

**कोरबा।** शहर की होनहार बालिका अर्शिका



आर्या ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कोरबा और छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया है। अखिल भारतीय सांस्कृतिक संघ, पुणे द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित 22वें कल्चरल फोरम ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स में अर्शिका ने शानदार प्रस्तुति देकर द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया। यह आयोजन 21 से 31 मई तक आयोजित किया गया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में अर्शिका ने अपनी कला, आत्मविश्वास और उत्कृष्ट प्रदर्शन से निर्णायकों को प्रभावित किया। विभिन्न सांस्कृतिक एवं कलात्मक विधाओं के प्रतिभागियों के बीच हुए कड़े मुकाबले में उन्होंने दूसरा स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उन्हें आगामी नवंबर माह में अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देने के लिए भी चयनित किया गया है।

### भक्तों ने यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ एवं बद्रीनाथ धाम का किया दर्शन



**हरदीबाजार।** हरदीबाजार, नुनेरा (पाली) एवं बिलासपुर क्षेत्र के 14 श्रद्धालुओं ने 17 से 30 मई तक उत्तराखंड स्थित पवित्र चारधाम यात्रा संपन्न की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ एवं बद्रीनाथ धाम के दर्शन कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। साथ ही उन्होंने ऋषिकेश एवं हरिद्वार के प्रमुख धार्मिक स्थलों का भी भ्रमण किया। 24 मई को श्रद्धालुओं ने लगभग 22 किलोमीटर की खड़ी पैदल चढ़ाई पूरी कर श्री केदारनाथ धाम में दर्शन किए। इस संपूर्ण चारधाम यात्रा का सफल आयोजन राव ग्लोब हॉलिडेज के संचालक विकास द्वारा किया गया। यात्रा के दौरान राव ग्लोब हॉलिडेज की ओर से श्रद्धालुओं के लिए आवागमन, आवास एवं भोजन की उत्कृष्ट व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। यात्रा में प्रेम शंकर तिवारी, विनोद उपाध्याय, विजेंद्र तिवारी, मनीष तिवारी, अनीता तिवारी, बिंदु उपाध्याय, इंदु तिवारी, बबली तिवारी, जतिन उपाध्याय, शिल्पी, अनन्या, शरद, अनय एवं बानी शामिल रहे।

# जिले में झमाझम बारिश से हुई नौतपा की विदाई, मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मंगलवार की शाम हुई झमाझम बारिश से नौतपा की विदाई हो गई। हालांकि 9 दिन तक नौतपा की वैसी तपिश आम लोगों ने महसूस नहीं की। जबकि नौतपा शुरू होने के पूर्व मौसम में नौतपा का अहसास पहले ही करा दिया था। नौतपा के चौथे दिन से मौसम में आए बदलाव के कारण तापमान में उतार चढ़ाव लगातार जारी रहा। बारिश से आम लोगों को राहत भी महसूस हुई है।

मौसम में आए बदलाव को लेकर मौसम विभाग ने पहले ही अलर्ट जारी कर दिया था। उसके बाद से बारिश के कारण तापमान में गिरावट आने लगी थी। दो दिन पूर्व हुई जमकर बारिश से जन जीवन भी प्रभावित हुआ था। आम लोग इसे प्री मानसून की दस्तक मानने लगे थे। हालांकि मानसून आने में अभी समय है। छत्तीसगढ़ में 10 जून तक मानसून के पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है। मंगलवार को तापमान 42 डिग्री सेल्सियस पहुंचा था। जबकि इसके पूर्व मौसम का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका था। दो दिन हुई बारिश के बाद तापमान 42 डिग्री के आसपास बना हुआ है। लेकिन बारिश की वजह से आम लोगों को राहत मिली रहती है। तेज बारिश के कारण जिले का ग्रामीण अंचल भी प्रभावित हुआ है। आंधी बारिश की वजह से कई स्थानों में पेड़ व डंगाल गिरने की घटनाओं के कारण जनहानि भी हुई है।

### शहर के कई स्थानों में जलभराव आया नजर

**खास बातें**

- बीते कुछ दिनों से मौसम में आ रहा है बदलाव
- बिजली व्यवस्था रही प्रभावित



### अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की संख्या

मौसम के बदलाव का असर अस्पतालों में दिखाई पड़ रहा है। यहां ओपीडी में मरीजों की संख्या अन्य दिनों की तुलना में बढ़ी हुई है। शहर के मेडिकल कॉलेज से लेकर ग्रामीण अंचल के उप स्वास्थ्य केन्द्रों में भी मरीज पहुंच रहे हैं। इनमें डायरिया जैसे लक्षणों को लेकर भी मरीज सामने आए हैं। हालांकि किसी भी क्षेत्र से अभी तक डायरिया फैलने की कोई जानकारी नहीं मिली है।

## 159 करोड़ से अधिक राशि के विकास कार्यों की दी सौगात

# कार्यालयों के चक्कर नहीं, अब गांव में ही समस्याओं का निराकरण : अरुण साव


हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश को तेजी से आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार द्वारा विकास के कार्यों को दुगनी गति से पूरा किया जा रहा है। सरकार गठन के साथ ही 18 लाख पीएम आवास निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। सरकार द्वारा 2 साल के धान का बकाया बोनस, 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल व 21 क्विंटल प्रति एकड़ की दर से धान खरीदी कर किसानों का मान बढ़ाया। महतारी वंदन योजना से महिलाओं को प्रति माह एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का अभियान चलाया जा रहा है। अब महिलाएं लखपति दीदी बनकर परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही है।

**खास बात**

- उपमुख्यमंत्री के आतिथ्य में डोंगानाला में जनसमस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन

उक्त बातें उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने विकासखण्ड पाली के ग्राम डोंगानाला में आयोजित सुशासन तिहार के दौरान कही। इस दौरान श्री साव ने शिविर में 159 करोड़ 63 लाख 14 हजार की राशि के 18 विकास कार्यों की सौगात दी। जिसके अंतर्गत 153 करोड़ 66 लाख 61 हजार के कुल 8 कार्यों का भूमिपूजन, 5 करोड़ 96 लाख 53 हजार के 10 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है। इस दौरान श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि सरकार जनता के हित मे लगातार जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर विकास की नई ऊंचाईयों में पहुचाने का काम कर रही है। 1 मई से जगह जगह सुसाशन तिहार का आयोजन कर आमजनों को राहत पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही सरकार के कार्यों का फीडबैक भी लिया जा रहा। सरकार द्वारा आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को मुफ्त राशन, टेपनल के माध्यम से हर घर जल, शौचालय, सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी सुविधाओं का लाभ दिया जा रहा है। श्री देवांगन ने कहा कि शिविरों में आमजनों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। जिससे कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर लगाना नहीं पड़ रहा। श्री देवांगन ने कहा कि जिले में डीएमएफ की राशि से लगातार पिछड़े क्षेत्रों व आवश्यक स्थानों में अनेक पुल, पुलिया, सड़क, भवन सहित अन्य आवश्यक चीजों का निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन व अधोसंरचना सुविधा का तेजी से विकास हुआ है। आगे भी शासन प्रशासन द्वारा जनहित में सदैव कार्य किया जाएगा। शिविर को विधायक पाली तानाखार श्री मरकाम ने भी संबोधित किया। कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि राज्य शासन के मंशानुरूप प्रशासन द्वारा आमजनों की परेशानियों का समाधान एवं योजनाओं से लाभान्वित करने जिले में नियमित रूप से शिविर आयोजित किए जा रहे है। शिविर में विभिन्न विभागों को आमजनों से अपनी समस्याओं मांगो व शिकायतो से सम्बंधित कुल 1552 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें कुल 547 आवेंदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया एवं शेष आवेंदनों की जांच कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।



हितग्राही को ट्रायसाइकिल देते प्रभारी मंत्री अरुण साव व उद्योग मंत्री लखन देवांगन।

### अनेक विकास कार्यों की घोषणा

शिविर में क्षेत्र की समस्याओं के समाधान हेतु उपमुख्यमंत्री श्री साव द्वारा अनेक विकास कार्यों की घोषणा भी की जिसमें मुनगाडीह व दमिया में स्कूल भवन निर्माण, दमिया में आंगनबाड़ी भवन, पाली के स्वामी आत्मानंद विद्यालय के लिए भवन हेतु 3 करोड़ की राशि, डोंगानाला पंचायत के लिए पंचायत भवन हेतु 20 लाख, डोंगानाला में नहर मरम्मत की स्वीकृति, चाकाबुड़ा में कोनार नाला में नया पुल एवं कोराई नाला में नया पुलिया निर्माण की स्वीकृति, डोंगानाला में सीसी रोड निर्माण के लिए 10 लाख, गणेशपुर से बांका मार्ग में पुलिया निर्माण हेतु 15 लाख, बक्साही में सीसी रोड निर्माण हेतु 10 लाख, प्राथमिक शाला मांझी पारा में अहाता निर्माण हेतु 20 लाख की स्वीकृति की घोषणा की।

# बिजली कटौती से परेशान उपभोक्ताओं ने कार्यपालन अभियंता को सौंपा ज्ञापन



कार्यपालन अभियंता को ज्ञापन सौंपते नगरवासी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जमनीपाली

सरदार वल्लभ भाई पटेल नगर (साडा कॉलोनी) जमनीपाली में पिछले कई दिनों से लो वोल्टेज और अघोषित बिजली कटौती से परेशान विद्युत उपभोक्ताओं ने छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी के तुलसीनगर स्थित कार्यालय पहुंचकर कार्यपालन अभियंता डी के चौहान को ज्ञापन सौंपते हुए विद्युत की समस्या को दूर करने की मांग की है।

**खास बात**

- साडा कालोनी जमनीपाली का मामला

कालोनी में निवासरत उपभोक्ता शिवदानी शर्मा ने बताया कि पिछले कई दिनों से किसी भी समय मनमाने तरीके से बिजली बंद कर दिया जाता है और घंटो बंद रखा जाता है। लगातार विद्युत की आंखमिचौली से कालोनी सहित पूरा जमनीपाली क्षेत्र के लोग परेशान हैं। लॉयन राजेन्द्र तिवारी ने मौखिक जानकारी देते हुए बताया कि बिजली गुल होने पर दर्री लाल मैदान स्थित विद्युत ऑफिस से कोई भी कर्मचारी अधिकारी फोन नहीं उठाते या फिर लगातार बिजी दिखाता है। परविंदर सिंह ने बताया कि साडा कॉलोनी में सब स्टेशन बनकर तैयार है जिसे अब तक चालू नहीं किया जा सका है। इसके चालू हो जाने पर साडा कॉलोनी और आसपास के रहवासियों को बिजली की समस्या से राहत मिल पाएगा। श्यामबिहारी शर्मा ने ट्रांसफार्मर की समस्या से अवगत कराते हुए कहा कि साडा कॉलोनी में जितने भी ट्रांसफार्मर लेग लगभग सभी ट्रांसफार्मर के दरवाजे, ग्रीप गायब है। पीएनबी बैंक के पीछे स्थित उद्यान (गार्डन) किनारे लगे ट्रांसफार्मर जमीन से सटा हुआ है। जहां कभी भी कोई घटना, दुर्घटना होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से विनोद अग्रवाल, राजेन्द्र तिवारी, महेश अग्रवाल, रमेश जादूगर, शिवदानी शर्मा, श्याम सुंदर नामदेव, श्यामबिहारी शर्मा, परविन्द्र सिंह, के आर देशमुख, नंदकिशोर सिंह, मुरारी लाल सारथी, एस एन मुकर्जी, राधेश्याम प्रसाद, आर विश्वकर्मा, एस पी गुप्ता, अजय कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

# सूने मकान में चोरों का धावा, हजारों का माल पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पंपहाउस झोपड़ीपारा बस्ती में एक सूने मकान को चोरों ने अपना निशाना बनाया है। चोर ताला तोड़कर मकान के भीतर दाखिल हुए और मकान में रखे तीनों अलमारी का ताला तोड़कर लगभग 40 तोला चांदी के जेवर सहित 3 हजार नगदी रकम को पार कर दिया गया है। मकान मालिक की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच उपरांत अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध उनकी पतासाजी शुरु कर दी है।

**खास बात**

- सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत पंप हाउस झोपड़ीपारा का मामला

सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत पंपहाउस झोपड़ीपारा बस्ती में माधुरी पाण्डेय अपने परिवार के साथ निवासरत है। पिछले कुछ वर्षों से उनके दोनों पुत्र लोमस पाण्डेय एवं हितेश पाण्डेय जांजगीर चांपा जिले में परिवार के साथ निवासरत हैं। माधुरी पाण्डेय भी समय समय पर अपने दोनों पुत्रों के यहां रहने जाती है। पिछले कुछ दिनों से माधुरी पाण्डेय का स्वास्थ्य ठीक नहीं रहने के कारण वह अपने छोटे पुत्र हितेश पाण्डेय के चांपा स्थित मकान में रहकर स्वास्थ्य लाभ ले रही थी। इसी दौरान सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोर ताला तोड़कर भीतर दाखिल हुए और मकान में रखे अलमारियों को तोड़कर उसमें रखे 3 हजार रुपए नगद सहित लगभग 40 तोला चांदी के जेवरात को पार कर फरार हो गए। मंगलवार की सुबह पड़ोस में रहने वाला एक युवक मकान के सामने से गुजर रहा था तो उसने देखा कि मकान का ताला टूटा हुआ है और नीचे पड़ा हुआ है। चोरी की शंका होने पर उसने पड़ोसियों को इसकी जानकारी दी। चोरी की खबर मिलते ही आसपास के लोग मकान के पास एकत्र हो गए और तत्काल इसकी सूचना मोबाइल पर हितेश व लोमस पाण्डेय को दी। सूचना मिलने पर मकान मालिक मौके पर पहुंचे और मामले की शिकायत सीएसईबी चौकी पुलिस से की। पुलिस ने हितेश पाण्डेय की शिकायत पर चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर उनकी पतासाजी शुरु कर दी है।



चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान।

# भ्रष्टाचार मुक्त शासन और राज्य में सुशासन स्थापित करना हमारा मुख्य लक्ष्य : लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

देश व प्रदेश में भ्रष्टाचार मुक्त शासन प्रशासन आमजनता को देना तथा राज्य में सुशासन स्थापित करना, हमरी सरकार का महत्वपूर्ण लक्ष्य है।

**खास बात**

- उद्योग मंत्री एवं महापौर ने निगम के विभिन्न वार्डों में किया भूमिपूजन

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कोसाबाड़ी जोनांतर्गत वार्ड क्र. 20, 31 एवं 32 में 2 करोड़ 76 लाख रूपये के लागत वाले 5 नये विकास कार्य के भूमिपूजन के दौरान कही। प्रदेश के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य एवं महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की अध्यक्षता में पोड़ीबहार में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान इन सभी विकास कार्यो का भूमिपूजन उनके हाथों किया गया। श्री देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के जिलों को जिला खनिज न्यास मद की बहुत बड़ी सौगात दी है, जिससे स्थानीय स्तर पर ही विकास कार्यो हेतु पर्याप्त फंड की व्यवस्था हो रही है तथा व्यापक रूप से विकास कार्य हो रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटलबिहारी वाजपेयी ने हमें छत्तीसगढ़ राज्य का तोहफा दिया था और अब नरेन्द्र मोदी हमारे छत्तीसगढ़ को संवार रहे हैं। इस अवसर निगम के सभापति नूतन सिंह ठाकुर एवं वरिष्ठ पार्षद अशोक चावलानी एवं अन्य पार्षद व जनप्रतिनिधिगण विशिष्ट रूप से उपस्थित थे। निगम द्वारा मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण मद से 20 लाख रूपये की लागत से वार्ड क्र. 20 पथर्रीपारा चंदा यादव घर से सामुदायिक भवन तक भुनेश्वर तिवारी घर से गणेश चौक तक सी.सी. रोड एवं नाली का निर्माण, इसी मद से 15 लाख रूपये की लागत से वार्ड क्र. 32 स्थित नर्सिंग कालेज के सामने से केशवदास के घर तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य कराया जाना हैं। इसी प्रकार अधोसंरचना मद से 97 लाख 8 हजार रूपये की लागत से वार्ड क्र. 31 में नवीन स्टाल से भद्राशन गली, काली मंदिर गली से दर्शन घर कबीर आश्रम से संजय नगर तक आर.सी.सी. नाली का निर्माण, इसी मद से 94 लाख 49 हजार रूपये की लागत से वार्ड क्र. 31 में दुर्गा पण्डाल से ब्लूवर्ड स्कूल तक एवं ब्लू बर्ड स्कूल से उच्च जलागार डॉ अरोरा गली, सिसोदिया घर से बंझोर गली में रोड डामरीकरण कार्य तथा अधोसंरचना मद से ही 49 लाख 64 हजार रूपये की लागत से वार्ड क्र. 31 अंतर्गत काली मंदिर से आर.पी.नगर शिवनगर मोड़ तक सी.सी. रोड का निर्माण कार्य भी कराया जाना हैं।



भूमिपूजन करते उद्योग मंत्री, महापौर व अन्य।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं देव नारायण कश्यप उम्र 19 वर्ष पिता राम कन्हाई कश्यप जाति कुर्मी निवासी पेण्ड्री एतद द्वारा मैं पुष्टि करता हूं तथा निम्नानुसार घोषित करता हूँ - कि मेरा पुराना नाम नारायणं कश्यप है और मैं अपना नाम बदलकर नियाना देव नारायण कश्यप करवाना वाहता है। यह कि मेरा यही जन्मतिथि 10-04-2007 है। कि मेरे पुराने नाम से किसी भी न्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि शेष है। मैं नाम बदलकर यदि कोई गैर कानूनी काम करता हूँ तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगा। अतः भविष्य में मुझे देव नारायण कश्यप नाम से जाना एवं पहचाना जाए मैं यह शपथ पत्र पूर्ण होशो हवाश में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूँ तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ।

शपथकर्ता
देव नारायण कश्यप
पिता राम कन्हाई कश्यप
निवासी पेण्ड्री, जिला
जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

# कोयला मजदूर सभा के सलाहकार समिति में नए सदस्यों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला मजदूर सभा के संभागीय प्रभारी केदारनाथ अग्रवाल की अनुशंसा पर केन्द्रीय महामंत्री नाथूलाल पाण्डेय द्वारा 25 मई को कुसमुंडा क्षेत्र की संयुक्त सलाहकार समिति के सदस्यों की नियुक्ति का आधिकारिक पत्र जारी कर दिया गया है। संभागीय प्रभारी की जमीनी रिपोर्ट और सिफारिश के बाद संगठन ने स्थानीय स्तर पर श्रमिक हितों को मजबूत करने के लिए इन अनुभवी पदाधिकारियों को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है।

लक्ष्मण सिंह को कुसमुंडा क्षेत्र से संयुक्त सलाहकार समिति के नए सदस्य मनोनित वहीं अशोक कुमार साहू क्षेत्रीय महामंत्री को पुनः संयुक्त सलाहकार समिति के सदस्य पद पर बरकरार रखा गया। इस आधिकारिक नियुक्ति पत्र के जारी होने के बाद कोयला मजदूर सभा के क्षेत्रीय संगठन के सदस्यों में भारी उत्साह है। क्षेत्रीय संगठन के समस्त पदाधिकारियों, सदस्यों और कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जेसीसी सदस्यों को बधाई संदेश एवं शुभकामनाएं दी हैं। सदस्यों का मानना है कि इन नियुक्तियों से कुसमुंडा क्षेत्र में संगठन और अधिक मजबूत होगा।

संभागीय प्रभारी केदारनाथ अग्रवाल, केंद्रीय अध्यक्ष बजरंगी शाही एवं केन्द्रीय महामंत्री नाथूलाल पाण्डेय ने संयुक्त रूप से उम्मीद जताई कि दोनों पदाधिकारी कुसमुंडा क्षेत्र के कोयला कामगारों की समस्याओं का त्वरित निराकरण कराएंगे। वे प्रबंधन और श्रमिकों के बीच एक मजबूत कड़ी के रूप में कार्य करते हुए सुरक्षा, चिकित्सा और कल्याणकारी सुविधाओं में सुधार करवाएंगे। नवनियुक्त सदस्यों को बधाई देने का सिलसिला लगातार जारी है और सभी कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई कि यक़ीनन अब संगठन मजबूत होगा। क्षेत्रीय महामंत्री सह एरिया जेसीसी मेंबर अशोक साहू ने बताया कि ना केवल पद बल्कि हमारे कंधों मे एक महत्वपूर्ण जवाबदेही दी जा रही है ।

### हाथियों के झुंड ने ढहाया मकान

**कोरबा।** जिले के कटघोरा वनमंडल अंतर्गत जटगा रेंज में हाथियों का उत्पात एक बार फिर शुरू हो गया है। यहां के बासीन परिसर में विचरण कर रहे 11 हाथियों के झुंड ने बीती रात खाड़ीपारा (धनरास) में रामदल सिंह पिता सरबजीत के मकान को निशाना बनाते हुए क्षतिग्रस्त कर दिया। तत्पश्चात आगे बढक़र जटगा परिसर पहुंचने के साथ वहां स्थित मेढ़उड़ पहाड़ पर मौजूद 37 हाथियों के दल में शामिल हो गया। वर्तमान में यहां 48 की संख्या में हाथी मौजूद हैं, जिनकी निगरानी वन विभाग द्वारा ड्रोन कैमरे के जरिए की जा रही है। बताया जाता है कि जिस समय हाथियों ने खाड़ीपारा में ग्रामीण के घर को निशाना बनाया उस समय गृहस्वामी व उसका परिवार गहरी नींद में सो रहा था।

जाँजगीर मार्केट

फनीचर, इमारती, सेंट्रींग लकड़ी थोक में
लकड़ी सेंट्रींग प्लाई, बल्ली बांस, चेहली, राफ्टर, बेड़ी, दरवाजे, चौखट, खिड़की, तखत, टेबल, दीवान, पलंग, आलमारी, सोफासेट, ड्रेसिंग, कुलर, स्टेडी टेबल, अन्य आधुनिक फर्नीचर कम दर में प्राप्त करें।
डीलरः अग्नि शामक यंत्र फायर सेफ्टी के विक्रेता।
विशेषः सेन्ट्रींग की लकड़ी फर्मा किराये में उपलब्ध।
शंकर सिंघानिया: मो.9302362173
आदित्य सिंघानिया: मो. 6260115021
नेताजी चौक, लिंक रोड, जांजगीर

प्रवेश प्रारंभ
YASH ITI Lachhanpur Champa
N.C.V.T. and D.G.E.T.
दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त कोर्स
ENGINEERING COURSE
1. Electrician 10TH PASSED 2 Year Course
2. Fitter 10TH PASSED 2 Year Course
3. Welder 10TH PASSED 1 Year Course
4. Diesel Mechanic 10TH PASSED 1 Year Course
NON- ENGINEERING COURSE
1. COPA - 10TH PASSED 1 Year Course
2. Health Senatory Inspector-10TH PASSED 1 Year Course
3. Steno Grapher (Hindi)-10TH PASSED 1 Year Course
संपर्क- यश आई.टी.आई.
साईं मंदिर के पास लछनपुर (चांपा), जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
मो. 88719-11141, 97533-79677

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

# कॉकटेल-2 का ट्रेलर रिलीज कृति-रश्मिका के बीच फंसे शाहिद



**मुंबई।** शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की मच अवेटेड रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'कॉकटेल 2' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया। 3 मिनट 1 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की कार ट्रिप से होती है। शुरुआत में शाहिद कहते हैं, 'जब भी कोई रिश्ता नया होता है, तो वह रोमांचक होता है, क्योंकि वह नया होता है। नए दोस्त मज़ेदार होते हैं क्योंकि उनकी कहानियां हमें दिलचस्प लगती हैं। पुराने दोस्तों से वही पुरानी कहानियां सुनते-सुनते हम थक जाते हैं। लेकिन, प्यार उस फटी हुई टी-शर्ट की तरह है जिसमें हमें दो रातों तक चैन की नींद आती है।

लाइफ Style

# तृप्ति



## कॉन्फिडेंस ही बन जाता है आपका दुश्मन

एनिमल में रणबीर कपूर के साथ तृप्ति डिमरी की जोड़ी लोगों को खूब पसंद आई थी, लेकिन यह भी आरोप लगे कि तृप्ति उस फिल्म की सक्सेस के बाद काफी बदल गईं। तृप्ति डिमरी ने कहा कि प्रोफेशनल लाइफ में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं और ऐसे लोगों का साथ होना जरूरी है जो आपकी गलतियां बता सकें और सही रास्ता दिखा सकें।

एजेंसी ⏭ मुंबई


एनिमल फेम एक्ट्रेस ने कहा कि अपनी बुराई सुनना आसान नहीं होता है। हालांकि यही वह चीज है जो आगे बढ़ने में आपकी मदद करती है। जब उनका परिवार और दोस्त उन्हें बताते हैं कि वह कहां गलती कर रही हैं, तो वह रुककर उनकी प्रतिक्रियाओं पर चिंतन करती हैं। तृप्ति ने माना कि कभी-कभी आपका कॉन्फिडेंस ही आपका सबसे बड़ा दुश्मन बन जाता है। साल 2023 में आई रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना की फिल्म एनिमल ब्लॉकबस्टर हिट रही थी। संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में तृप्ति डिमरी ने अहम किरदार निभाया था। तृप्ति यूं तो उससे पहले बुलबुल, लैला मजनू और पोस्टर बॉयज जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी थीं, लेकिन इस फिल्म ने उन्हें वो पहचान दिलाई, जिसकी उन्हें इंडस्ट्री में चमकने के लिए जरूरत थी। तृप्ति के कॅरियर का ग्राफ रॉकेट की रफ्तार से ऊपर गया और उन्हें धड़क-2, भूल भुलैया-3 और स्पिरिट जैसी बड़ी फिल्मों में फीमेल लीड रोल मिलने लगे, लेकिन साथ ही साथ लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि एनिमल के बाद तृप्ति काफी बदल गई हैं। एक हालिया इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने खुद इस सवाल का जवाब दिया।

## हॉलीवुड मसाला

# भारत में ताबड़तोड़ कर रही कमाई



**नई दिल्ली।** करी बार्कर की फिल्म 'ऑब्सेशन' भारत में बीते शुक्रवार को रिलीज हुई। महज चार दिनों में ही इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर ली है। आने वाले दिनों में फिल्म को वर्ड ऑफ माउथ पब्लिसिटी का फायदा मिल सकता है। हॉलीवुड की हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन' भारतीय दर्शको को भी खूब पसंद आ रही है। कम बजट की यह फिल्म दर्शकों को डराने में अब तक कामयाब रही है। फिल्म ऑब्सेशन को दुनियाभर में काफी पसंद किया जा रहा है। शुक्रवार को फिल्म को मिली धीमी शुरुआत के बाद इसने वीकेंड पर अपनी रफ्तार पकड़ी।



# सुरक्षा कारणों से रद्द हुआ कान्ये और ट्रैविस का शो

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी रैपर कान्ये वेस्ट और ट्रैविस स्कॉट का एक कॉन्सर्ट इटली में होना था, जो कि अब रद्द कर दिया गया है। इस बात से रैपर के फैंस बेहद निराश हैं। यह फैसला किन्हीं सुरक्षा कारणों से लिया गया है। यह कॉन्सर्ट जुलाई में इटली के उत्तरी शहर रेजियो एमिलिया के आईसीएफ एरिना में होने वाले था। ट्रैविस स्कॉट का शो 17 जुलाई को और कान्ये वेस्ट का शो 18 जुलाई को होना था। ट्रैविस स्कॉट के कॉन्सर्ट को सुरक्षा व्यवस्था की चिंताओं के कारण रद्द किया गया है, न कि उन पर किसी प्रतिबंध की वजह से। स्थानीय अधिकारियों ने सुरक्षा कारणों से इन्हें रद्द करने का आदेश दिया। दरअसल, कान्ये वेस्ट द्वारा अप्रैल में की गई यहूदी-विरोधी टिप्पणियों का कड़ा विरोध हो रहा था। शहर के यहूदी समुदाय, फासीवाद-विरोधी समूहों, ट्रेड यूनियनों और नेताओं ने इस कॉन्सर्ट को रोकने की मांग की थी।



# अल्फा की रिलीज डेट बदली...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट इन दिनों अपने कई प्रोजेक्ट्स को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। आलिया अल्फा और लव एंड वॉर में नजर आएंगी। अल्फा की रिलीज से पहले निर्माताओं ने इसकी नई रिलीज डेट जारी की है। आलिया भट्ट और शार्वरी वाघ की मुख्य भूमिका वाली एक्शन फिल्म अल्फा अब अपने तय समय से एक हफ्ता पहले यानी 3 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले यह फिल्म 10 जुलाई को आने वाली थी। फैंस आलिया को एक्शन अवतार में देखने के लिए बेताब हैं। इस फिल्म से पहले आलिया ने फिल्म जिगरा में एक्शन किया था। फिल्म धमाल 4 की रिलीज डेट 17 जुलाई तय होने के बाद, अल्फा के निर्माता आदित्य चोपड़ा ने यह फैसला लिया है। 3 जुलाई के आसपास कोई बड़ी फिल्म रिलीज नहीं हो रही है।



# अनिल ने पत्नी संग यूरोप में मनाईं छुट्टियां

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर हाल ही में अपनी पत्नी सुनीता कपूर के साथ यूरोप की यात्रा पर गए थे। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया पर इस जादुई वेकेशन की कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ अनिल ने इस जगह को मैजिकल बताया है। 69 साल के अनिल ने इंस्टाग्राम पर आज मोंटेनेग्रो देश की कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं। उन्होंने इस जगह को बहुत ही जादुई और खूबसूरत बताया। तस्वीरों में अनिल काले रंग के कपड़ों और स्टाइलिश चश्मे में बेहद हैंडसम दिख रहे हैं। अनिल की दोस्त और बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने इस पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा कि यह उनकी भी पसंदीदा जगह है। इसके साथ ही शिल्पा ने लिखा कि अनिल बहुत शानदार लग रहे हैं। शिल्पा के अलावा अनिल के कई फैंस ने इस पोस्ट पर लाल दिल वाला और फायर इमोजी बनाया है।

## टीवी मसाला



# 'तारक मेहता' में जमील जमाली की एंट्री से भागने लगे लोग...

**नई दिल्ली।** 'धुरंधर' और जमील जमाली की लोकप्रियता अब गोकुलधाम सोसाइटी तक पहुंच गई है। शो में एक मजेदार मोड़ आएगा जब लोग यह देखकर हैरान रह जाएंगे कि जमील जमाली बिल्कुल तारक मेहता के बॉस बाबूलाल जैसे दिखते हैं। यह अजीब समानता भ्रम पैदा कर रही है और कई मजेदार पलों को जन्म देती है। इससे पहले कि कोई सच और झूठ में फर्क कर पाए, अफवाहें फैलने लगती हैं, तरह-तरह के कयास लगने लगते हैं और बेचारे बाबूलाल खुद को एक ऐसे तूफान में पाते हैं जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी। ये किरदार राकेश बेदी निभा रहे हैं और जो 2020 से तारक के बॉस बने हुए हैं। एक मामूली भ्रम से शुरू हुई बात जल्दी ही एक बड़े तमाशे में बदल जाती है। जैसे-जैसे हर कोई स्थिति को समझने की कोशिश करता है, भ्रम और बढ़ता जाता है। बाबूलाल इस स्थिति में फंस जाते हैं और एक के बाद एक समस्याओं का सामना करते हैं। हालांकि, तारक अपने बॉस को अकेला नहीं छोड़ते और मुश्किल को संभालने की पूरी कोशिश करते हैं। वह स्थिति को पूरी तरह से हाथ से निकलने से पहले हर संभव प्रयास करते हैं। 'धुरंधर' के क्रेज के चलते बाबूलाल को जमील जमाली समझ लिया जाता है। लोग टीवी के किरदार को असली इंसान समझ बैठते हैं। एक छोटी सी गलतफहमी से और भी उलझनें पैदा हो जाती हैं। इससे हंसी-मजाक और मनोरंजन का माहौल बनता है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' एक बार फिर यही कमाल कर रहा है। यह फेमस सिटकॉम रोजमर्रा की साधारण घटनाओं को एक मजेदार और मनोरंजक कहानी में बदल देता है।

## प्रोड्यूसर पर लगाए थे यौन शोषण के झूठे आरोप

**नई दिल्ली।** टीवी का मशहूर सीरियल 'भाभी जी घर पर हैं' आपने कभी ना कभी तो जरूर देखा होगा। टीवी के इस शो को लोगों ने खूब पसंद किया।



कुछ साल पहले इस शो से जुड़ा एक बड़ा विवाद भी सामने आया था। जिसमें इस शो की लीड एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे ने शो के प्रोड्यूसर पर यौन शोषण का आरोप लगाया था। हाल ही में दिए गए एक इंटरव्यू में शिल्पा ने बताया कि शो छोड़ने के दौरान उन्होंने प्रोड्यूसर पर भी सेक्सुअल हैरेसमेंट का आरोप लगाया था वह बिल्कुल झूठ था। इसके अलावा शिल्पा ने इंटरव्यू के दौरान और भी कई बातें बताईं। भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के पॉडकास्ट में शिल्पा ने लीगल लड़ाई और अपने इमोशनल ब्रेकडाउन पर खुलकर बातचीत की। बातचीत के दौरान शिल्पा ने बताया कि उनके सामने एक समय आया जब उन्हें यह महसूस होने लगा था कि वह काफी बुरी तरह से फंस चुकी हैं और उनके पास लड़ाई लड़ने का कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा है।

# कपूर परिवार के नाम हैं ये 7 दिलचस्प रिकॉर्ड



*नई दिल्ली। बॉलीवुड के 'कपूर खानदान' को इंडस्ट्री की 'फर्स्ट फैमिली' भी कहा जाता है। पृथ्वीराज कपूर से लेकर रणबीर कपूर तक इस परिवार का फिल्ममेकिंग और एक्टिंग से बहुत पुराना नाता रहा है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि वो कौन से 7 रिकॉर्ड हैं जो इस परिवार के नाम पर दर्ज हैं?*

***ऑनस्क्रीन जा चुका सबसे बड़ा परिवार :*** *साल 1999 तक ही इस एक परिवार के 24 से अधिक सदस्य फिल्मों में बतौर एक्टर, डायरेक्टर या प्रोड्यूसर काम कर चुके थे। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में इस परिवार के नाम फिल्म इंडस्ट्री में सबसे बड़े ऑन-स्क्रीन परिवार होने का नाम दर्ज है।*

***सिनेमा में 5 पीढ़ियों का सफर :*** *भारतीय सिनेमा जगत के इतिहास में कपूर परिवार इकलौता ऐसा परिवार है जिसकी 5 पीढ़ियां लगातार फिल्म इंडस्ट्री में सक्रिय रही हैं। शुरुआत दीवान बशेश्वरनाथ कपूर (पृथ्वीराज कपूर के पिता) से हुई थी और अब रणबीर कपूर व राहा कपूर तक पहुंच चुकी है।*

***एक ही फिल्म में 3 पीढ़ियां :*** *साल 1971 में आई फिल्म 'कल आज और कल' में एक अनोखा रिकॉर्ड बना। इस फिल्म में कपूर परिवार की तीन पीढ़ियां एक साथ नजर आई थीं। इस फिल्म में पृथ्वीराज कपूर (दादा), राज कपूर (पिता), और रणधीर कपूर (बेटे) एक साथ नजर आए थे।*

***सबसे यंग डायरेक्टर का रिकॉर्ड :*** *शोमैन राज कपूर ने महज 24 साल की उम्र में फिल्म 'आग' (1948) का निर्देशन किया था। यह अपने आप में एक वर्ल्ड रिकॉर्ड था। उस दौर में सबसे कम उम्र के फिल्म निर्देशक बनने का रिकॉर्ड राज कपूर ने अपने नाम किया।*

***सुपरस्टार बनीं पहली सगी बहनें :*** *कपूर खानदान की बेटियों ने भी फिल्म इंडस्ट्री में कम नाम नहीं कमाया। करिश्मा कपूर और करीना कपूर भारतीय सिनेमा के इतिहास की पहली ऐसी सगी बहनें बनीं, जिन्होंने पुरानी रिवायतों को तोड़ा और इंडस्ट्री पर राज किया। नंबर वन एक्ट्रेस बनीं।*

***एक परिवार में 3 दादा साहेब फाल्के पुरस्कार:*** *सिनेमा जगत के सर्वोच्च सम्मान 'दादा साहब फाल्के पुरस्कार' को एक ही परिवार में 3 बार जीतने का रिकॉर्ड भी कपूर खानदान के नाम है। यह सम्मान पृथ्वीराज कपूर, राज कपूर और शशि कपूर को भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए दिया गया।*

### शम्मी कपूर के नाम पर ऐसा भी एक रिकॉर्ड

शम्मी कपूर के नाम पर सिनेमा से अलग एक अनोखा रिकॉर्ड है। उन्होंने 1990 के दशक में 'इंटरनेट यूजर्स क्लब ऑफ इंडिया' की स्थापना की थी। वह भारत के पहले कुछ लोगों में से थे जिनके पास अपना पर्सनल कंप्यूटर और इंटरनेट कनेक्शन था।

# आदर्श ने हॉलीवुड सीरीज एलियन- अर्थ 2 को लेकर जताई खुशी

**नई दिल्ली।** अभिनेता आदर्श गौरव ने रिडले स्कॉट की फिल्म 'एलियन अर्थ' में स्लाइटली के किरदार के लिए खूब प्रशंसा बटोरी। अब अभिनेता इस साइंस फिक्शन शो के आगामी दूसरे सीजन में भी वही भूमिका निभाएंगे और जल्द ही शूटिंग के लिए रवाना होने वाले हैं। दूसरे सीजन में पीटर डिंकलेज के शामिल होने से इसको लेकर लोगों का उत्साह और भी बढ़ गया है। आदर्श ने एमी पुरस्कार विजेता इस अभिनेता की जमकर तारीफ की है। नोआ हॉली द्वारा निर्मित और दिग्गज फिल्म निर्माता रिडले स्कॉट द्वारा कार्यकारी निर्मित 'एलियनः अर्थ' स्कॉट की प्रतिष्ठित एलियन फिल्मों का स्पिन-ऑफ है।



पहले सीजन में आदर्श ने स्लाइटली उर्फ आरुष की भूमिका निभाई, जो मनुष्य और मशीन का एक हाइब्रिड है। आदर्श गौरव ने कहा कि 'एलियनः अर्थ' के सीजन 2 में वापसी करना बेहद खास लगता है। स्लाइटली एक ऐसा किरदार है जो शूटिंग खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक मेरे मन में बसा रहा, क्योंकि उसकी इमोशनली जटिलता और ट्विस्ट ने मुझे दीवाना बना दिया। नोआ हॉली और रिडले स्कॉट द्वारा निर्मित दुनिया में उसे और गहराई से जानने का अवसर मिलना एक अभिनेता के रूप में रोमांचक और बेहद संतोषजनक है। एलियनः अर्थ में सिडनी चैंडलर, एलेक्स लॉथर, एस्सी डेविस, सैमुअल ब्लेंकिन और बाबौ सीसे मुख्य भूमिका में हैं, जबकि टिमोथी ओलिवेंट एक महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आते हैं। सीजन 2 में गेम ऑफ थ्रोन्स के मशहूर अभिनेता पीटर डिंकलेज की एंट्री होती है, जिससे एलियन यूनिवर्स का विस्तार होता है। आदर्श ने आगे कहा कि इस अनुभव को वास्तव में उल्लेखनीय बनाने वाली बात यह है कि मुझे एक टेलेंटेड एक्टर्स के साथ इस लोकप्रिय यूनिवर्स का हिस्सा बनने का मौका मिला। पीटर डिंकलेज, टिमोथी ओलिवेंट और पूरी टीम जैसे कलाकारों के साथ काम करना आपको हर दिन क्रिएटिव रूप से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

## अपने नाम किए तीन पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार का सम्मान भी मिला

# न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में मणिपुरी फिल्म बूंग की धूम

### फिल्म को कौन से अवॉर्ड मिले?

फेस्टिवल में बूंग ने तीन पुरस्कार अपने नाम किए। पहला सर्वश्रेष्ठ डेब्यू फिल्म का पुरस्कार। दूसरा लक्ष्मीप्रिया देवी को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार और तीसरा गुगुन किपगेन को सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार पुरस्कार दिया गया। न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल 28 से 31 मई तक चला, जिसमें 15 भाषाओं की अलग-अलग तरह की फिल्में दिखाई गईं।

### क्या है बूंगकी कहानी?

बूंग की कहानी बहुत प्यारी और दिल को छू लेने वाली है। यह फिल्म मणिपुर की घाटी में रहने वाले बच्चे बूंग (गुगुन किपगेन) पर आधारित है। बूंग वर्षों से अकेली रह रही अपनी मां को खुश करने के लिए खास तोहफा देने की योजना बनाता है। वह, तोहफा है अपने पिता को वापस लाना। वह पिता की तलाश में निकल जाता है। इस सफर में उसका दोस्त साथ देता है। मां की खुशियों के लिए पिता को खोजने निकले बूंग की यह कहानी बेहद मार्मिक है। बूंग को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

*लॉस एंजिल्स। मणिपुरी फिल्म बूंग ने पहले बाफ्टा अवॉर्ड में अपना जलवा दिखाया था। अब इस फिल्म ने न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। महोत्सव में फिल्म ने तीन अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में भारतीय फिल्म बूंग ने इतिहास रच दिया है। रविवार को खत्म हुए इस महोत्सव में फिल्म ने तीन अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। फिल्म के मुख्य कलाकार को सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार का सम्मान मिला है। महोत्सव में दस अलग-अलग कैटेगरी में भारतीय सिनेमा के बेहतरीन कलाकारों और फिल्मों को सम्मानित किया गया।*



***फिल्म में नजर आए ये कलाकार :*** फिल्म बूंग में गुगुन किपगेन के अलावा बाला हिजाम, नेमेतिया नगांगबाम, जेनी खुरई, हामोम सदानंद,एंगम सनामतम, विक्रम कोचर, थौदम ब्रजबिधु और मोधुबाला थौदम जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में दिखाई दिए। फिल्म के बाल कलाकारों का अभिनय बहुत ही सहज है। कई सीन्स दर्शकों को भावुक कर जाते हैं, आंखों को नम कर देते हैं।

### फरहान ने प्रोड्यूस की है बूंग

इस फिल्म को निर्माता-निर्देशक और एक्टर फरहान अख्तर ने प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर साल 2024 के टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। वहां इसे दर्शकों से स्टैंडिंग ओवेशन मिला था। भारतीय सिनेमाघरों में यह फिल्म सितंबर 2025 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म का निर्देशन लक्ष्मीप्रिया देवी ने किया है।

### बाफ्टा में मिला था अवॉर्ड

इससे पहले मणिपुरी फिल्म 'बूंग' ने बाफ्टा अवॉर्ड्स 2026 में भी जलवा दिखाया था। वहां फिल्म ने बेस्ट चिल्ड्रन एंड फैमिली कैटेगरी में पुरस्कार जीता था। 'बूंग' बाफ्टा में नामांकित होने वाली अकेली भारतीय फिल्म थी। इसने जूटोपिया 2, लिलो एंड स्टिच और आर्को जैसी बड़ी-बड़ी अंतरराष्ट्रीय फिल्मों को हराकर यह अवॉर्ड जीता। इससे पहले फिल्म का पहला प्रीमियर 2024 में टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। बाद में इसे वारसॉ, एमएएमआई मुंबई, आईएउएफआई और मेलबर्न इंडियन फिल्म फेस्टिवल जैसे कई बड़े फेस्टिवल में दिखाया गया।

**खबर संक्षेप**



## खोरसी में हाई स्कूल तक नाली निर्माण का किया गया भूमि पूजन

**तनौद।** ग्राम पंचायत खोरसी में बुधवार को हाई स्कूल से तोषराम पटेल के घर की ओर नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही। भूमि पूजन जनपद पंचायत पामगढ़ की सभापति श्रीमती दिलीप कुंवर तोषराम पटेल के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर ग्राम पंचायत खोरसी की सरपंच श्रीमती आरती अरविंद गोंड विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में प्रशांत कुमार दुबे, कमलेश चौहान, गोपेलाल साहू, मनोज गोंड, हरि चौहान, शिवचरण केंवट, गौरीशंकर कर्ष, गोविंद साहू, ग्राम कोटवार विनय चौहान सहित पंचगण, सचिव मोहन लाल साहू एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। सभापति श्रीमती दिलीप कुंवर पटेल ने कहा कि नाली निर्माण से बरसात में जलभराव की समस्या दूर होगी और ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। सरपंच श्रीमती आरती गोंड ने बताया कि ग्राम विकास के कार्यों को प्राथमिकता से पूरा किया जा रहा है। उपस्थित लोगों ने समय पर गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य पूर्ण करने की मांग रखी।

## 17 साल तक देश सेवा कर लौटे सेना के जवान का लोगों ने किया स्वागत



**बेल्हाडीह।** सक्ती जिले के ग्राम पंचायत सिरली गांव के बुधराम साहू ने 17 साल देश सेवा कर वापस लौटे जवान का गांव के लोगों व दोस्तों ने डीजे लेकर रेलवे स्टेशन जेठा में स्वागत व सम्मान किया। सक्ति जिला से लगे सिरली गांव के बुधराम साहू , जिन्होंने भारतीय सेना में रहकर 17 वर्ष तक राष्ट्र रक्षा करने के बाद सेवानिवृत्ति ली, उनका गांव के लोगों ने तथा दोस्तों व परिवारजनों ने भव्य स्वागत किया। बुधराम साहू ने देश के कई हिस्सों में सेवा दी। जेठा से लेकर सैनिक के सिरली स्थित घर तक जन रैली निकालकर उन्हें गांव लाया गया। सेवानिवृत्त आर्मी बुधराम साहू का जन्म सक्ती जिले के सिरली गांव में हुआ था। उनके पिता का नाम श्री जीवन साहू और माता का नाम फिरत बाई है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा गांव के ही स्कूल में हुई और हाई स्कूल की पढ़ाई उन्होंने पोरथा से पूरी की थी। बचपन से ही देश सेवा की भावना रखने वाल बुधराम साहू ने अपनी तैयारी शुरू की और सन 17/3/2009 में उनका चयन भारतीय सेना के तकनीशियन पद में हुआ। उन्होंने 17 वर्षों की सेवा के बाद 31 मई को नायक पद से सेवानिवृत्ति ली और अपने घर लौटे। बुधराम साहू ने कहा कि उन्होंने 17 साल तक देश की सेवा की है।

## 6 माह बाद भी नहीं चढ़ी बिजली बिल की राशि विभागीय लापरवाही से उपभोक्ता परेशान

**मालखरौदा।** विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर सवाल खड़े हो गए हैं। ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम सपिया निवासी कबीर महंत ने आरोप लगाया है कि उन्होंने 24 दिसंबर 2025 को विद्युत सब-स्टेशन फगुरम में 20,780 का बिजली बिल जमा किया था, लेकिन कई माह बीत जाने के बाद भी उक्त राशि उनके विद्युत खाते में दर्ज नहीं हुई है। उपभोक्ता का कहना है कि भुगतान की रसीद होने के बावजूद विभाग द्वारा मामले का निराकरण नहीं किया गया है, जिससे उन्हें लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने विभाग को आवेदन देकर भुगतान की जांच कर राशि समायोजित करने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय पर भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को भी इस प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़े, तो यह विभागीय लापरवाही का गंभीर उदाहरण है।

## आईटीआई बलौदा में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 15 तक

**जांजगीर-चांपा।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बलौदा के एन.सी.व्ही.टी. व्यवसाय विद्युतकार के 20 सीट, फिटर के 20 सीट, टर्नर के 20 सीट, मैकेनिक डीजल 48 सीट और वेल्डर के 40 सीट में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 15 जून रात्रि 11.59 बजे तक आमंत्रित किया गया है। प्राचार्य व संस्था प्रमुख औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बलौदा (महुदा) ने बताया कि प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।

### दुकान संचालकों पर लगाया गया 4 हजार से अधिक का जुर्माना

# प्रतिबंधित पालीथीन पाए जाने पर आधा दर्जन से अधिक संस्थानों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

प्रतिबंधित पालीथीन के उपयोग करते पाए जाने पर आधा दर्जन से अधिक संस्थानों पर कार्रवाई करते हुए 4 हजार से अधिक का जुर्माना वसूल किया गया है। साथ ही दुकान संचालकों को इस तरह के प्रतिबंधित पालीथीन का उपयोग नहीं करने सख्त हिदायत दी गई।

मिली जानकारी के अनुसार नगर पालिका जांजगीर-नैला द्वारा स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक एवं पॉलिथीन के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी विक्रांत भगत एवं इंजीनियर तारकेश्वर नायक के निर्देशानुसार नगर पालिका की राजस्व टीम दुष्यंत राठौर, प्रशांत यादव, गौरव तिवारी, शैलेंद्र राठौर, नंदकिशोर राठौर ओंकार राठौर द्वारा नगर क्षेत्र के विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। अभियान के दौरान कुल 9 दुकानों में प्रतिबंधित पॉलिथीन पाए जाने पर कार्रवाई करते हुए कुल 47 सौ जुर्माना लगाते हुए बड़ी मात्रा में पॉलिथीन जब्त की गई। संबंधित दुकानदारों को भविष्य में प्रतिबंधित पॉलिथीन का उपयोग एवं भंडारण नहीं करने की सख्त चेतावनी दी गई तथा नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई भी की गई।नगर पालिका प्रशासन ने सभी व्यापारियों एवं नागरिकों से अपील की है कि वे पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छ शहर के निर्माण में सहयोग करते हुए कपड़े, जूट अथवा अन्य पर्यावरण अनुकूल थैलों का उपयोग करें तथा प्रतिबंधित पॉलिथीन का उपयोग पूर्णतः बंद करें। नगर पालिका द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि प्रतिबंधित पॉलिथीन के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय जांजगीर के कई दुकानों में दुकानदार नियमों को ताक में रखकर अपने संस्थानों में प्रतिबंधित पालीथीन का उपयोग धडल्ले से क रहे है। इससे ना केवल पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है, बल्कि इसका असर दुकान में सामान लेने पहुंचे ग्राहकों के स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। प्रतिबंधित पालीथीन में रखा सामान खाने के योग्य नहीं रहता। इसका लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ता है। इसे देखते हुए नगर पालिका प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा जिला मुख्यालय जांजगीर के दुकानों में दबिश देकर प्रतिबंधित पालीथीन के उपयोग पर कार्रवाई की जा रही है।



दुकान में कार्रवाई करने पहुंचा अमला।

# शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे अंतिम व्यक्ति तक

### किरीत में आयोजित सुशासन तिहार में मिले 937 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



जनसमस्या निवारण शिविर का प्रमुख उद्देश्य शासन की योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के साथ अंतिम छोर के व्यक्ति को लाभ पहुंचाया जाना है। शिविर के माध्यम से 937 आवेदन प्राप्त हुए है। इनमें 869 मांग एवं 68 शिकायत संबंधी आवेदन शामिल है।

गौरतलब है कि बुधवार 3 जून को जनपद पंचायत नवागढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत किरीत स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल परिसर में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए तथा विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। इस क्लस्टर शिविर में ग्राम पंचायत किरीत, पेण्ड्री (नवा.), केरा, देवरी, नगारीडीह, कनस्दा, सिंघुल, कसेला, करमंदी, पचरी, मिसदा, गंगाजल, भठली, उदयभांठा, तुलसी, बरगांव, खैरताल, नेगुरडीह एवं ठकुरदिया सहित कुल 19 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण शामिल हुए। शिविर स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाये गये, जहां नागरिकों को शासन की योजनाओं, पात्रता एवं लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। शिविर के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को प्रतीकात्मक चाबी, राशन कार्ड, मनरेगा रोजगार कार्ड, श्रम कार्ड, मछुआरों को जाल तथा आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान सैनिकों, अग्निवीर भर्ती में चयनित युवाओं एवं कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिविर में कुल 937 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 869 मांग संबंधी एवं 68 शिकायत संबंधी आवेदन शामिल हैं। प्राप्त आवेदनों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। विधायक जांजगीर-चांपा ब्यास कश्यप ने कहा कि सुशासन तिहार छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आम जनता के समस्याओं के निराकरण के लिए आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किरीत एक ऐतिहासिक गांव है, जहां के अनेक युवा देश सेवा में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। आसपास के गांवों के युवा भी सेना एवं अग्निवीर भर्ती के माध्यम से राष्ट्रसेवा के लिए प्रेरित हो रहे हैं। उन्होंने आगामी खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए किसानों के लिए खाद एवं बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने कहा।

## शिक्षा समाज की प्रगति एवं उन्नति का सबसे मजबूत आधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राहौद

देवांगन समाज राहौद द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में देवांगन समाज धर्मशाला में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रतिभावान विद्यार्थियों को शाल, श्रीफल, मेडल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस



अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा समाज की प्रगति एवं उन्नति का सबसे मजबूत आधार है। देवांगन समाज के बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर समाज का नाम रोशन कर रहे हैं, जो पूरे समाज के लिए गर्व एवं प्रेरणा का विषय है।सम्मानित विद्यार्थियों में सत्र 2024-25 की कक्षा 10वीं प्रावीण्य सूची में नवम स्थान प्राप्त करने वाली अदिति देवांगन को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सत्र 2025-26 में कक्षा 10वीं के मेधावी विद्यार्थियों में –गुड्डी देवांगन पिता दीनानाथ देवांगन, दीपेश देवांगन पिता रामनारायण देवांगन, देव्यानी देवांगन पिता संतोष देवांगन एवं कक्षा 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों में नितेश कुमार देवांगन पिता राजाराम देवांगन, रोशनी देवांगन पिता इंद्रकुमार देवांगन को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजन, महिला-पुरुष एवं युवा उपस्थित रहे। देवांगन समाज राहौद परिवार की ओर से सभी मेधावी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## दूसरे दिन कपिल अवतार की सुनाई कथा

**सक्ती।** भागवत कथा के दूसरे दिन व्यास पीठ से पंडित कृष्णा तिवारी ने कपिल अवतार शिव सती चरित्र ध्रुव चरित्र की कथा भक्तगणों को श्रवण कराया।

हटरी धर्मशाला में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन व्यास पीठ से पंडित से कृष्णा तिवारी ने भक्तगणों को कपिल अवतार, शिव सती चरित्र, ध्रुव चरित्र की कथा श्रवण कराते हुए कहा भागवत कथा ही मनुष्य को श्रवण करते रहना चाहिए भागवत कथा श्रवण करने से मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है। राजा उत्तानपाद के पुत्र ध्रुव को उनकी सौतेली माँ सुरुचि ने पिता की गोद में बैठने से रोक दिया। इससे आहत होकर ध्रुव रोते हुए अपनी माता सुनीति के पास पहुँचे माता के समझाने पर ध्रुव ने मात्र 5 वर्ष की आयु में घर छोड़ कर भगवान को पाने के लिए वन चले गए।

## लाखों की लागत से बन रहे नहर निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी



नहर निर्माण का काम करते मजदूर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ तालदेवरी

ग्राम पंचायत तालदेवरी में लाखों की लागत से बनाए जा रहे नहर निर्माण के काम में गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है, जो नहर निर्माण हो रहा है, वह काफी संकरी है।

ज्ञात हो कि ग्राम तालदेवरी में लाखों रुपए का नहर निर्माण कार्य के लिए विभाग द्वारा स्वीकृत किए गए हैं जिसमें नियम को ताक में रखकर कर गुणवत्ता हीन नहर का निर्माण कराया जा रहा है और तो और पहले नहर जितनी चौड़ी बनी थी उनको कम करके सकरी कर दी गई है। इस संबंध में ग्रामीण भागवत प्रसाद साहू, सीता राम साहू, रमाशंकर साहू, रती राम पटेल,मन्नु राम खुटे का कहना है कि जब नहर चौड़ी थी तब अपासी के लिए जगह-जगह को हेडप करना पड़ता था तब जा कर अपासी कर पाते थे। इस बार नहर की चौड़ाई को कम करने से अपासी असंभव नजर आ रहे हैं, रही बात गुणवत्ता की तो ऐसा लग रहा है जैसे ही नहर से पानी आएगी उसके साथ ही साथ नहर में परत चढ़ा हुआ मटेरियल पानी के साथ बह जाएंगी। किसानों को रबी फसल के लिए नहर से नहीं छोड़ा जाएगा। जिसके चलते किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

**स्टीमेट पर काम**

जो इस्टीमेट बना है उसी के आधार पर नहर का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। अभी नहर सकरी नजर आ रहे हैं बनने के बाद देखना कितना चौड़ी दिखाई देगी।

-लोचन प्रसाद साहू
सहायक इंजिनियर
सिंचाई विभाग चाम्पा

**चल रहा कार्य**

तालदेवरी में जो नहर निर्माण कराया जा रहा है, वह गुणवत्ता पूर्ण हैं, और जो सकरी नजर आ रहे हैं वह गटर में ढलाई होने के बाद चौड़ी हो जाएंगी।

-श्री राम देवांगन ,
एसडीओ
सिंचाई विभाग चाम्पा

## बुक संधारण से लेकर युक्तियुक्तकरण के कार्यो को समय पर किया पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

विकास खंड शिक्षा अधिकारी ने अपने कार्यकाल के दौरान बुक संधारण से लेकर युक्तियुक्तकरण के कार्यो को समय पर पूरा किया। इस दौरान अधिकारी को सेवानिवृत्ति होने पर विदाई दी गई।

ज्ञात हो कि शासकीय महामाया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पामगढ़ में में कार्यरत व्याख्याता एवं पूर्व विकास खंड शिक्षा अधिकारी मोहन कौशिक के शिक्षकीय सेवा के अर्ध वार्षिकी सेवा पूर्ण कर सेवा निवृत्ति होने पर महामाया परिवार की ओर से विदाई दी गई। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य आर के बंजारे, विकास खंड शिक्षा अधिकारी रामेंन्द जोशी, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी द्वय जे आर सारथी, राकेश सोनी, क्रीड़ा अधिकारी सोनंत, सुरेश सिंह क्षत्रिय, दिलीप थवाईत, मन्नू लाल कर्ष, श्रवण दास वैष्णव, पी एल कौशिक प्राचार्य, श्रीमती निर्मला कौशिक, सुरेन्द्र खरे लक्ष्मी मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप उपस्थित थे। मुख्य आतिथ्य के आसंदी में मोहन कौशिक थे। कार्य क्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के पूजा अर्चना के साथ हुआ सरस्वती बंदना वैष्णव, मनोरमा साहू, सोनम तिवारी द्वारा प्रस्तुत किया गया। विकास खंड शिक्षा अधिकारी जोशी ने पूर्व विकास खंड शिक्षा अधिकारी मोहन कौशिक के दायित्व निर्वहन पर सराहना किए, सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी सारथी के द्वारा



विकास खंड शिक्षा अधिकारी के पद पर रहते हुए शिक्षको सर्विस बुक संधारण से लेकर उक्तियुक्तकरण जैसे पेचीदा कार्य को पूरे जिले में बिना कोई खामी के जिला प्रशासन द्वारा दिये कार्य, शिक्षकों की सारी समस्या, ईमानदारी पूर्वक समस्त कार्य निष्पादित करने की प्रशंसा किए, सुरेश सिंह, पी एल कौशिक, एम एल कर्ष, श्रवण दास वैष्णव,सोनम तिवारी प्रातिका गोस्वामी व राकेश सोनी द्वारा कौशिक जी के शिक्षकीय कर्तव्य एवं विकास खंड अधिकारी के पद का निर्वाद रुप से ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने की प्रशंसा किए। कार्यक्रम के अंत में संस्था की ओर से श्रीफल, वस्त्र, अभिनंदन पत्र , स्मृति चिन्ह भेट कर विदा किए।

